# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 28.02.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, जनसंदेश टाइम्स, ज्ञानशिखा टाइम्स, राष्ट्रीय सहारा, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 28.02.2025

# रोपवे निर्माण की बाधा दूर करें, दो दिन में दें रिपोर्ट

**वीडीए उपाध्यक्ष ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

माई सिटी रिपोर्टर

**वाराणसी।** रोपवे के निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए बृहस्पतिवार को वीडीए सभागार में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कर रहे वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि बिंदुवार निरीक्षण कर दो दिन में रिपोर्ट पेश करें। इस प्रोजेक्ट को पूरा कराने के लिए यूटिलिटी शिफ्टिंग का कार्य जल्द पूरा कराया जाए। हिदायत दी कि इस काम में कोई लापरवाही न बरती जाए।

रोपवे

बैठक में जलकल विभाग, नगर निगम की ओर से बताया गया कि टावर-23 पर जलकल की यूटिलिटी तीन दिन में शिफ्ट करा दी जाएगी। एनएचएलएमएल की ओर से जानकारी दी गई कि टावर-29 पर बैरिकेडिंग के लिए ट्रैफिक डायवर्जन होना है। इसकी टाइम लाइन डिमांड एक दिन में उपलब्ध कराई जाएगी। जल निगम ने बताया कि गोदौलिया चौराहे पर ट्रायलपिट का निर्माण 28 से शुरू कराया जाएगा।

ट्रायलपिट एरिया की बैरिकेडिंग के लिए ट्रैफिक डायवर्जन होना है। इसकी सूचना जल्द दी जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जल निगम सीवर और स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन का लाइन डाइग्राम तैयार कर एक मार्च तक भेजें।

एनएचएलएमएल के अधिकारी गोदौलिया चौराहे पर सीवर एवं स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन के संयुक्त निरीक्षण की रिपोर्ट दें। बैठक में सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर पूजा मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### अमर उजाला–दि0 28.02.2025

# कॉलोनी के पार्कों का काम जल्द पूरा कराएं

**वाराणसी।** वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बृहस्पतिवार ने वीडीए के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अशोक विहार कॉलोनी, महादेवनगर कॉलोनी पार्क, लालपुर बी ब्लॉक होली पार्क में चल रहे कार्यों की जांच की।

उन्होंने आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, ब्रिक वर्क, प्लास्टर,पेंटिंग, इंटरलॉकिंग आदि कार्य जल्द पूरा कराने को कहा। इस दौरान उन्होंने कालोनी वालों से बातचीत की। उनकी ओर से दिए गए सुझावों को शामिल करने को कहा। उन्होंने कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया। ब्यूरो

## मानचित्रों का करें निस्तारण

**वाराणसी।** वीडीए के अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा ने बृहस्पतिवार को वीडीए में मानचित्र निस्तारण की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि लंबित शमन मानचित्रों का जल्द निस्तारण करें। बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करें। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 28.02.2025

### फुलवरिया चौराहे पर फुटपाथ तैयार

जागरण संवाददाता, वाराणसी : फुलवरिया फोरलेन के सेंट्रल जेल तिराहे पर गुरुवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि 500 मीटर फुटपाथ का निर्माण पूरा कर लिया गया है। साथ ही ट्रैफिक आइलैंड पर पौधारोपण का कार्य पूर्ण किया गया है। उपाध्यक्ष ने निरीक्षण में देखा कि लाइटिंग और सफाई कार्य प्रगति पर है। संगीत सेल्फी प्वाइंट का कार्य पूर्ण है।

## दैनिक जागरण–दि0 28.02.2025

### रोपवे की यूटिलिटी शिफ्टिंग जल्द करने का आदेश

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में रोपवे परियोजना से संबंधित अलाइनमेंट में आने वाली यूटिलिटी शिफ्टिंग के लिए बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द पूरी करने का आदेश दिया गया।

जलकल विभाग, नगर निगम वाराणसी ने कहा कि टावर-23 पर जलकल की यूटिलिटी अधिकतम तीन दिवस में शिफ्ट करा दी जाएगी। कार्यदायी एजेंसी एनएचएलएमएल ने अवगत कराया गया कि टावर-29 पर बैरिकेडिंग के लिए पत्र के माध्यम से ट्रैफिक डायवर्जन के लिए टाइम लाइन डिमांड एक दिवस में उपलब्ध करा दिया जाएगा। जल निगम ने बताया कि गोदौलिया चौराहे ट्रायलपिट का निर्माण दिनांक शुक्रवार को शुरू करा दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने एजेंसी की टीम को गोदौलिया चौराहे पर सीवर व स्ट्रोम वाटर पाइप लाइन का संयुक्त निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर पूजा मिश्रा, अधिशासी अभियंता जल निगम वाराणसी, जलकल, नगर निगम आदि रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## हिन्दुस्तान–दि0 28.02.2025

### रोप-वे के लिए जल्द शिफ्ट करें पाइप

वाराणसी। रोप-वे परियोजना के संबंध में गुरुवार को वीडीए मुख्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने पेयजल-सीवर लाइन, पीएनजी पाइप, बिजली के तार की शिफ्टिंग जल्द करने का निर्देश दिया। जलकल विभाग ने तीन दिनों में पाइप शिफ्ट करने की बात कही। जल निगम ने गोदौलिया चौराहे के पास शिफ्टिंग का काम जल्द शुरू कराने को कहा। पुलकित गर्ग ने गोदौलिया चौराहे के आसपास जल निकासी, सीवर लाइन का सर्वे करके रिपोर्ट मांगी। बैठक में वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, रोप-वे प्रोजेक्ट मैनेजर पूजा मिश्रा मौजूद रहे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 28.02.2025

### कालोनियों के उच्चीकरण कार्यों का किया निरीक्षण



**निरीक्षण**

**वीडीए सचिव ने की समीक्षा और देखी प्रगति**

वाराणसी। वीडीए सचिव गुरुवार को लालपुर पहुंचे। जहां तीन कालोनियों में किए जा रहे उच्चीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र ने कार्यों की समीक्षा की और प्रगति को देखा।

उन्होंने अशोक विहार कालोनी के ब्लॉक ए और ब्लॉक बी.,लालपुर ब्लॉक बी.होली पार्क तथा महादेव नगर कालोनी पार्क में चल रहे उच्चीकरण कार्यों के आधुनिक प्रकाश व्यवस्था को जाना और प्लाटर, पेंटिंग की प्रगति को देखा। वीडीए सचिव इस दौरान कालोनीवासियों से मिले और उनसे वार्ता की तथा उनके सुझावों का सुना। उन्होंने नागरिकों की सुविधा हेतु विकास कार्यों को जहां समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्वक पूरा कराए जाने को कहा। वहीं इंटरलाकिंग हार्टिकल्चर और बोरिंग के कार्य के साथ पार्कों में बेंच तथा झूला लगाए जाने का निर्देश भी दिया।

इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, सहायक अभियंता अनुज शर्मा और अवर अभियंता संजय गुप्ता आदि लोग शमिल रहे।

## राष्ट्रीय सहारा–दि0 28.02.2025

### वीडीए उपाध्यक्ष ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**वाराणसी।** विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बृहस्पतिवार को फुलवारिया चौराहे और जेल रोड पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। फुलवारिया चौराहे पर ट्रैफिक आइलैंड और रोटरी पर पौधारोपण का कार्य पूर्ण किया गया है। लाइटिंग और सफाई कार्य प्रगति पर है। जेल रोड पर 500 मीटर फुटपाथ का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसमें ट्रेलिस के नीचे बैठने की व्यवस्था और छायादार स्थानों पर बेंच का निर्माण शामिल है। संगीत सेल्फी पॉइंट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पौधारोपण, वृक्षारोपण और आर्टिस्टिक वाल पेंटिंग का कार्य जारी है। जल निकासी के लिए स्वेल और कैचपिट की व्यवस्था की गई है। विद्युत लाइन भूमिगत करने के लिए डक्ट का कार्य भी पूरा किया गया है। रात्रि में आकर्षक स्ट्रीट लाइट स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है। उपाध्यक्ष ने कार्यों को तीव्रता से और गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि आगामी माह में परियोजना का लोकार्पण किया जा सके।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 28.02.2025

### वीडीए वीसी ने किया विकास कार्यों का औचक निरीक्षण



वीडीए वीसी पुलकित गर्ग विकास कार्यों के औचक निरीक्षण के दौरान अधीनस्थों को निर्देश देते हुए

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणासी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा फुलवारिया चौराहे और जेल रोड पर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया गया। फुलवरिया चौराहे पर ट्रैफिक आइलैंड और रोटरी पर पौधारोपण का कार्य पूर्ण किया गया है। लाइटिंग और सफ़ाई कार्य प्रगति पर है।

जेल रोड पर 500 मीटर फुटपाथ का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसमें ट्रेलिस के नीचे बैठने की व्यवस्था और छायादार स्थानों पर बेंच का निर्माण शामिल है संगीत सेल्फी पॉइंट का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। पौधारोपण, वृक्षारोपण और आर्टिस्टिक वाल पेंटिंग का कार्य जारी है। जल निकासी के लिए स्वेल और कैचपिट की व्यवस्था की गई है। विद्युत लाइन भूमिगत करने के लिए डक्ट का कार्य भी पूरा किया गया है। रात्रि में आकर्षक स्ट्रीट लाइट स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है।उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा कार्यों को तीव्रता से और गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए ताकि आगामी माह में परियोजना का लोकार्पण किया जा सके।